आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–07 मार्च 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज स्वास्थ्य क्षेत्र में डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर जरूरतमंद को उचित इलाज उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध होकर सरकार कार्य कर रही हैं। अब इलाज के अभाव में किसी को भटकना नहीं पड़ता है। उत्तर प्रदेश के अंदर हर जिले में निःशुल्क डायलिसिस और सीटी स्कैन की सुविधा हम उपलब्ध करा रहे हैं।

हेल्थ के सेक्टर में अटल जी के समय केवल एक एम्स था, अटल जी ने उसे छह पहुँचाया और मोदी जी ने उनकी संख्या 23 तक पहुँचा दी है। आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी और आईआईआईटी की एक लंबी श्रृंखला देश के अंदर खड़ी हुई। स्वाभाविक रूप से देश आगे बढ़ रहा है, तो देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य क्यों पीछे रहे? हम लोगों ने भी उस दिशा में प्रयास प्रारंभ किया। आज उत्तर प्रदेश, 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में केवल 17 मेडिकल कॉलेजेस काम करते थे। आज हम उत्तर प्रदेश के अंदर 81 मेडिकल कॉलेज का संचालन उत्तर प्रदेश भर में हम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जरूरतमंदों को स्वास्थ्य बीमा का कवर दिया है।

एक समय था जब कोई व्यक्ति बीमार होता था, पूरा परिवार में कोहराम मच जाती थी। आज हर व्यक्ति को मोदी जी ने स्वास्थ्य बीमा का कवर दे दिया है कि कोई भी व्यक्ति बीमार पहले तो न हो, लेकिन अगर हो ही गया है, तो उसको 5 लाख रुपये का आयुष्मान भारत की सुविधा अकेले उत्तर प्रदेश के अंदर हम लोगों ने 5 करोड़ 60 लाख लोगों को गोल्डन कार्ड जारी किए हैं और ये संख्या 10 करोड़ तक पहुँचने वाली है बहुत शीघ्र।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में देश के पूर्व गृहमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

****

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण, 9 मार्च से शुरू होगा। सत्र के पहले दिन लोकसभा अध्यक्ष, ओम बिरला को उनके पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा निर्धारित है। पिछले महीने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान, विपक्ष ने लोकसभा के महासचिव को अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इसमें लोकसभा अध्यक्ष पर पक्षपातपूर्ण ढंग से कार्य करने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की गई थी।

****

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 के दावा एवं आपत्ति अवधि की उपलब्धियों के संबंध में आज लखनऊ के लोकभवन स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता की।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा तथा लोकसभा निर्वाचनों की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 के दौरान दावा एवं आपत्ति अवधि 06 जनवरी से 06 मार्च तक में नागरिकों से दावे व आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। इसी अवधि में गणना चरण में मिलान न कराने वाले मतदाताओं, मिलान में तार्किक विसंगति वाले मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए। श्री रिणवा ने बताया कि अब तक 85 फीसदी से अधिक सुनवाई पूरी कर ली गयी है। नए मतदाता बनने के लिए दावा एवं आपत्ति अवधि के दौरान फॉर्म 06 के तहत 70 लाख 69 हजार 810 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 34 लाख 96 हजार 911 पुरुष और 35 लाख 72 हजार 603 महिला मतदाता शामिल हैं। इनमें 18 से 29 साल आयु वर्ग के 47 लाख 81 हजार 526 युवा मतदाता शामिल हैं।

****

कतर स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए कुछ और हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। ये नंबर हैः नौ सात चार पांच पांच छह चार सात पांच शून्य दो, नौ सात चार पांच पांच तीन छह दो पांच शून्य आठ,.और नौ सात चार पांच पांच तीन आठ चार छह आठ तीन। दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि ये नंबर चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेंगे। दूतावास से ई–मेल पता cons.doha@mea.gov.in पर भी संपर्क किया जा सकता है।

****

आज जन औषधि दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना से लाभान्वित लोगों को बधाई दी है। श्री मोदी ने कहा कि परियोजना से अनगिनत परिवारों के इलाज के खर्च में बचत हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार किफायती कीमतों पर गुणवत्तापरक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जनऔषधि दिवस की बधाई देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व का ही प्रतिफल है कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों के माध्यम से आज आमजन को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण जेनरिक दवाएं अत्यंत सुलभता से प्राप्त हो रही हैं।

****

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल श्री काशी विश्वनाथ धाम में समस्त मातृशक्ति के लिए विशेष दर्शन की व्यवस्था की गई है। इस विशेष व्यवस्था के अंतर्गत द्वार संख्या चार बी से सभी महिलाओं को, चाहे वे काशी की हो या बाहर से आई हो, निःशुल्क प्रवेश प्रदान करते हुए दर्शन कराए जाएंगे। सुबह और शाम चार बजे से पांच बजे तक का समय काशी वासियों के लिए आरक्षित रहेगा।

****